<u>संदेश</u>

बैसाखी, विषु, बिषुब, बोहाग बिहू, पोयला बोइशाख, वैशाखादि और पुतान्डु के शुभ अवसर पर मैं भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

भारत के अलग-अलग भागों में मनाए जाने वाले ये पर्व हमारी विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत का जीवंत रूप हैं। ये सभी पर्व एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हैं। सामाजिक समरसता के प्रतीक ये त्योहार जनमानस में ऊर्जा और उत्साह का प्रसार करते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हम अन्नदाता किसानों की कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं और उनका आभार भी व्यक्त करते हैं।

मेरी कामना है कि ये त्योहार सभी के जीवन में समृद्धि और शांति का संचार करें।

****